**दीवाली[१]

दीवाली हमारा राष्ट्रीय त्यौहार है । इसे दीपावली भी कहा जाता है । सामाजिक एवं धार्मिक दृष्टि से इसका विशेष महत्व है । लोग इसे देश भर में खूब धूम-धाम और हँसी-खुशी के साथ मनाते हैं । दीवाली आने के कई दिन पहले घर की दीवारों पर सफ़ेदी या रँगाई की जाती है । दरवाज़े और खिड़कियों पर भी नया रंग लगाया जाता है । त्यौहार साथ साथ मनाने के लिए हम दूर रहने वाले सगे-सम्बन्धियों को बुलाते हैं । तरह तरह के पकवान और मिठाइयाँ बनती हैं ।

यह पर्व कार्तिक महीने की अमावस्या[२] को मनाया जाता है । इसके दो दिन पहले "धनतेरस"[3] आता है । धनतेरस वर्तन खरीदनेवाला त्यौहार है इसलिए कि इस दिन नये वर्तन खरीदने की प्रथा है । लोग एक दीया जलाकर मुख्य द्वार पर रखते हैं और इस प्रकार दीवाली का आरम्भ किया जाता है ।

अमावस्या के दिन सब घरों में दीये तैयार किये जाते हैं । रुई की बत्तियाँ बनती हैं, फिर दीयों में तेल या घी डाला जाता है और बत्तियाँ रखी जाती हैं । घी और तेल के दीये उन घरों में भी जलाये जाते हैं, जिनमें खाने-पीने के लिए भी घी और तेल का प्रयोग बहुत कम हो पाता है । अँधेरा होने पर दीये और मोमबत्तियाँ जलायी जाती हैं । लोग नये कपड़े पहनते हैं । बच्चे पटाखे चलाते हैं और फुलझड़ियाँ [४] छोड़ते हैं । दीवाली की रात हर गाँव और शहर प्रकाश में जगमगाते हैं ।

दीवाली व्यापारियों का विशेष त्यौहार मानी जाती है । व्यापारी लोग रात के समय बड़ी तैयारी के साथ लक्ष्मी और गणेश[५] की पूजा करते हैं या पुजारी[६] से करवाते हैं । वे ऐसा मानते हैं कि लक्ष्मी और गणेश प्रसन्न होने से व्यापार में उन्नती होगी । दीवाली के

---

[1] Liberamente tratto, con integrazioni, da *सुबोध भारती*, भाग २, राष्ट्र भाषा प्रचार समिति, वर्धा १९७३ (द्वितीय संस्करण), पृ॰ ४८-४९. Su दीवाली si veda *Grammatica, Glossario, sub voce*.

[2] कार्तिक è l'ottavo mese del calendario tradizionale (ottobre-novembre); अमावस्या è il giorno di luna nuova. Cfr. *Grammatica, Appendice A – Giorni, mesi, stagioni*.

[3] Il nome significa "il tredicesimo giorno lunare (तेरस) di धन". धन sta per धन्वन्तरि, il mitico fondatore dell'आयुर्वेद (la medicina tradizionale indiana), che, secondo la tradizione, sarebbe nato in questo giorno.

[4] "Cascate (झड़ियाँ) di fiori (फुल per फूल)": piccoli fuochi artificiali a forma di bastoncino (molto comuni anche in Italia), che si bruciano tenendone in mano un'estremità e che, bruciando, lasciano cadere una pioggia di scintille (da qui l'uso del verbo छोड़ना, "lasciare", ma anche "lasciar cadere").

[5] लक्ष्मी, sposa di विष्णु, è la dèa della prosperità e della fortuna. गणेश, figlio di शिव e di पार्वती, dalla testa di elefante, è il dio che rimuove gli ostacoli ed è perciò venerato all'inizio di ogni azione rituale e di ogni nuova impresa.

[6] Per पूजा e पुजारी si veda *Grammatica, Glossario*.

दिनों में बहुत-सी दुकानों में माल छूट पर बिकता है।

दीवाली के बारे में कई कथाएँ कही जाती हैं। सबसे प्रसिद्ध कथा यह है कि कार्तिक अमावस्या के दिन भगवान रामचन्द्र जी वन में चौदह वर्ष पूरे करके अयोध्या लौटे थे। खुशी में अयोध्या के निवासियों ने अनेक दीयों को जलाया था। तब से दीवाली हर साल मनायी जाने लगी।

दीवाली के दिन सब जगह छुट्टी रहती है। बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरुष, किसान-मज़दूर सब लोग दीवाली को बहुत पसंद करते हैं और इसकी प्रतीक्षा महीनों पहले से ही करते हैं।

अभ्यास

१. दीवाली को मनाने के लिए कौन-सी तैयारियाँ की जाती हैं ?
२. धनतेरस के दिन में क्या होता है ?
३. दीये तैयार कैसे किये जाते हैं ?
४. दीवाली की सबसे प्रसिद्ध कथा क्या है ?

DĪVĀLĪ

Dīvālī è una nostra festività nazionale. È chiamata anche Dīpāvalī. (Dīvālī) ha un'importanza straordinaria da un punto di vista sociale e religioso. In tutto il Paese le persone la festeggiano con grande sfarzo e gioia. Qualche giorno prima dell'arrivo di Dīvālī, viene dato il bianco o il colore ai muri di casa. Viene dato un colore nuovo anche alle porte e alle finestre. Per celebrare insieme la festività, noi chiamiamo i parenti che abitano lontano. Si cucinano diverse prelibatezze e dolci.

Questa festività è celebrata il giorno di luna nuova del mese di *Kartik*. Due giorni prima di questa cade Dhanteras. Dhanteras è la festività in cui si comprano utensili da cucina per cui in questo giorno è tradizione comprare nuovi utensili. Le persone, dopo aver acceso una candela, la mettono sulla porta principale e così viene dato inizio a Dīvālī.

Il giorno di luna nuova in tutte le case vengono preparate le candele[1]. Sono preparati gli stoppini di cotone, poi vengono versati nelle candele olio o ghee e vengono inseriti gli stoppini. Le candele di ghee e olio vengono accese anche in quelle case in cui l'uso del ghee e dell'olio per mangiare e bere può essere molto limitato. Sul far della notte, le candeline e le candele vengono accese. Le persone indossano abiti nuovi. I bambini lanciano petardi e accendono le stelline. La notte di dīvālī tutti i villaggi e le città risplendono di luce.

Dīvālī è considerata la festa dei commercianti. Di notte, con grandi preparativi, i commercianti fanno o fanno eseguire dal sacerdote una preghiera per Lakṣmī e Gaṇeś. Loro credono che pregando Lakṣmī e Gaṇeś il commercio migliori. Durante i giorni di Dīvālī in moltissimi negozi la merce è venduta in saldo.

Vengono raccontate alcune storie riguardo Dīvālī. Il racconto più famoso è che il giorno della luna nuova di Kartik la divinità Rama, completati i quattordici anni nella foresta, abbia fatto ritorno ad Ayodhya. Per la gioia, gli abitanti di Ayodhya accesero svariate candele. Da allora cominciò ad essere festeggiata tutti gli anni.

Il giorno di Dīvālī tutto il paese è in vacanza. Grandi e piccini, donne e uomini, contadini e operai, tutte le persone amano molto Dīvālī e lo aspettano molto da mesi prima.

[1] La *dīyā* è una piccola candela realizzata spesso all'interno di ciotoline di terracotta.

Esercizio

1. Quali preparativi si fanno per festeggiare Dīvālī?
2. Che cosa succede il giorno di Dhanteras?
3. Come vengono preparate le *dīye*?
4. Qual è la storia di Dīvālī più famosa?